हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय
Hemvati Nandan Bahuguna Garhwal University
श्रीनगर गढ़वाल (उत्तराखण्ड)–246174
Srinagar Garhwal (Uttarakhand) - 246174
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University)

Ref.: HNBGU / RO / 2026 / 62 Date : 30/03/2026

परिपत्र (Circular)

पूर्व निर्गत परिपत्र संख्याः हे॰न॰ब॰ग॰वि॰वि॰ / आर॰ओ॰ / 2025 / 147 दिनांक 30.05.2025 के द्वारा विश्वविद्यालय में कार्यरत / सेवा निवृत्त कतिपय शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कार्मिकों को निर्देशित किया गया था कि वे सोशियल मीडिया यथा Whatsapp, Facebook, Twitter, Instagram एवं समाचार पत्रों आदि में विश्वविद्यालय से सम्बन्धित सामग्री एवं सूचनायें प्रसारित न करें।

उक्त परिपत्र का पालन न करते हुए प्रायः यह देखा जा रहा है कि विश्वविद्यालय में कर्यरत / सेवा निवृत्त कतिपय कार्मिक सोशियल मीडिया यथा Whatsapp, Facebook, Twitter, Instagram एवं समाचार पत्रों आदि में विश्वविद्यालय से सम्बन्धित सामग्री एवं सूचनायें प्रसारित कर रहे हैं, जिससे कि विश्वविद्यालय की छवि धुमिल हो रही है।

अतः एतद्द्वारा विश्वविद्यालय में कार्यरत / सेवा निवृत्त कार्मिकों को अंतिम बार निर्देशित किया जाता है कि वे विश्विद्यालय से सम्बन्धित कोई भी ऐसी सामग्री एवं सूचननायें प्रसारित न करें। इस परिपत्र के उपरान्त यदि विश्वविद्यालय में कार्यरत / सेवा निवृत्त किसी भी कार्मिक द्वारा सोशियल मीडिया यथा Whatsapp, Facebook, Twitter, Instagram एवं समाचार पत्रों आदि में विश्वविद्यालय से सम्बन्धित कोई भी ऐसी सामग्री एवं सूचनायें प्रसारित की जाती हैं, जिससे की विश्वविद्यालय की छवि धुमिल हो और विश्वविद्यालय की गरिमा को ठेस पहुँचे, तो सम्बन्धित कार्यरत / सेवा निवृत्त कार्मिक के विरूद्ध केन्द्रीय कर्मचारी आचरण सेवा नियमावली के सुसंगत प्राविधानों के तहत कठोर प्रशासनिक / कानूनी कार्यवाही की जायेगी, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित कार्मिक का होगा।

उक्त परिपत्र सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदनोपरान्त जारी किया जा रहा है, जो कि तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

30/3/26
कुलसचिव

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– समस्त संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, नियंता, मुख्य छात्रावास अधीक्षक, पुस्तकालयाध्यक्ष को इस आशय से प्रेषित कि उक्त परिपत्र को अपने अधिनस्थ कर्मचारियों को अवगत करवाने का कष्ट करें।
2– परिसर निदेशक, टिहरी, पौड़ी, चौरास, निदेशक आई॰क्यू॰ए॰सी॰, एम॰एम॰टी॰सी॰, एच॰ए॰पी॰पी॰आर॰सी॰, आर॰डी॰सी॰, को इस आशय से प्रेषित कि उक्त परिपत्र को अपने अधिनस्थ कर्मचारियों को अवगत करवाने का कष्ट करें।
3– परीक्षा नियंत्रक, वित्त अधिकारी, आई॰ए॰ओ॰, को इस आशय से प्रेषित कि उक्त परिपत्र को अपने अधिनस्थ कर्मचारियों को अवगत करवाने का कष्ट करें।
4– समस्त उप–कुलसचिव, सहायक कुलसचिव, अधिशासी अभियन्ता, सुरक्षा अधिकारी, जनसम्पर्क अधिकारी, को इन निर्देशों के साथ प्रेषित की उक्त परिपत्र को अपने अधिनस्थ कर्मचारियों को अवगत कराना सुनिश्चित करें।
5– समस्त अनुभाग अधिकारी / प्रभारी को इन निर्देशों के साथ प्रेषित की उक्त परिपत्र को अपने अधिनस्थ कर्मचारियों को अवगत करवाना सुनिश्चित करें।
6– प्रभारी, सिस्टम मैनेजर को विश्वविद्यालय की वैबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
7– सहायक कुलसचिव, कुलपति सचिवालय, मा॰ कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
8– कार्यालय प्रति।

30/3/26
कुलसचिव